तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 133 से अधिक किराएदार व घुमंतू मुसाफिरों के आधार कार्डों की जांच ..



12 जलस्तर गिरने से डेढ़ सौ हैंडपंप बंद, गांव में ...



## खबर संक्षेप

### शिवनाथ में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**राजनांदगांव।** दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी में नहाने के लिए गए एक बालक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनदयाल कालोनी चिखली निवासी नोमित मंडावी पिता सहदेव मंडावी 12 वर्ष अपने पांच छह दोस्तों के साथ आज सुबह नहाने के लिए शिवनाथ नदी आक्सीजोन के पास गया हुआ था। बताया गया कि नहाते वक्त नोमित नदी के पानी में डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुरगी पुलिस चौकी ने मर्ग कायम किया है। इधर इस घटना की खबर से चिखली दिनदयाल कालोनी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

### महाराष्ट्र से शराब की तस्करी, 200 पौवा के साथ एक कोचिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र निर्मित शराब 200 पौवा को बोरी में रखकर वाहन का इंतजार कर रहे आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ छुरिया पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छुरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी कड़ी में 19 अप्रैल को छुरिया पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी कोमल यादव 20 वर्ष निवासी गैंदाटोला कुमर्रा छुरिया के पास अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर गाड़ी का इंतजार कर रहा है।

# मंत्री बघेल की प्रेरणा व जनसहयोग से शंकरनगर तालाब को किया गया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

नगर के शंकर नगर स्थित ऐतिहासिक तालाब, जो वर्षों से उपेक्षा और गंदगी का शिकार था, अब जनसहयोग और प्रशासनिक प्रयासों के चलते पूरी तरह स्वच्छ और उपयोग योग्य बन चुका है। यह तालाब वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक के नागरिकों के लिए निस्तारी जल का प्रमुख स्रोत है। मित्र फाउंडेशन नवागढ़ के अध्यक्ष रमेश निषाद ने बताया कि तालाब की सफाई एवं पुनरुद्धार कार्य पिछले एक माह से निरंतर चल रहा था। इस अभियान की प्रेरणा राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल द्वारा दी गई थी।

## मित्र फाउंडेशन के अभियान को मिला जनसहयोग

### अभी और काम बाकी है

फाउंडेशन अध्यक्ष रमेश निषाद ने जानकारी दी कि यह मुहिम यहीं नहीं रुकेगी। अगली कड़ी में शंकर नगर के मुक्तिधाम की सफाई तथा शिशु मंदिर के पास स्थित डबरी की सफाई की जाएगी। इसके लिए भी जनभागीदारी को आमंत्रित किया गया है।



### प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों का मिला सहयोग

तालाब पुनरुद्धार के इस प्रयास में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम सिंह ठाकुर, पार्षद निर्मला तोरण निषाद (वार्ड 12), विनोद साहू (वार्ड 09), जीवन सिन्हा (वार्ड 10), तहसीलदार विनोद बंजारे, सीएमओ बसंत कुमार लोन्हारे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### सैकड़ों लोगों ने किया श्रमदान

इस मुहिम की खास बात रही इसमें शामिल स्थानीय नागरिकों और युवाओं का उत्साहपूर्वक श्रमदान। मित्र फाउंडेशन और नवागढ़ फुटबॉल टीम के सदस्यों के साथ-साथ अनेक वार्डवासियों ने भी व्यक्तिगत रूप से योगदान दिया। श्रमदान करने वालों में दिलीप जायसवाल, एमके साहू, मनोज देवांगन, सुमित सिन्हा, अजय गिरी गोस्वामी, कृष्णा विश्वकर्मा, रूपेश यादव, रामअवतार निषाद, अजय निषाद, कांशी निषाद, मुकेश निषाद, प्रफुल्ल तिवारी, छन्नु सोनी, किशोर देवांगन, हेमा यादव, अर्जुन रजक, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे समर्पित नागरिकों के नाम प्रमुख हैं।

## योजना फेल

### उपयोग न होने से शासन की योजना पूर्णतः फेल

# गांवों में दम तोड़ रहे सामुदायिक शौचालय कहीं लटका है ताला तो कहीं केवल शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासन-प्रशासन की स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिलेभर के सभी ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय योजना का इन दिनों हाल- बेहाल है। कही सामुदायिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है तो कही सिर्फ शोपीस बनाकर रख दिया है।

- उपयोग नहीं होने से असामाजिक तत्वों के अड्डों में भी तब्दील

कहीं कहीं तो इसकी दीवार पर निजी संस्थानों के प्रचार प्रसार के लिए उपयोग की जा रहीं हैं। कब्जा कर निजी उपयोग भी किया जा रहा है जो जांच का भी विषय है। प्रशासन की निष्क्रियता एवं उदासीनता के कारण आज यह महत्वाकांक्षी योजना बर्बाद होकर पूरी तरह फेल साबित हो रही है। सम्बन्धित जिला प्रशासन व ज़लिा पंचायत सहित स्थानीय पंचायतों की भूमिका सवालों के घेरे में है। दरअसल बेमेतरा ज़लिे में कुल 429 ग्राम पंचायत अंतर्गत 702 ग्राम हैं। जिसमें नवागढ़ जनपद में 111, बेमेतरा जनपद में 110, बेरला जनपद में 102 व साजा जनपद में 106 पंचायतें आतीं है। जिनमें शासन-प्रशासन से जुड़ी सरकारी योजनाओ व कार्य का संचालन जिला पंचायत के द्वारा जनपद व स्थानीय ग्राम पंचायत के माध्यम से कराया जाता है। इसी सिलसिले में केंद्र शासन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रत्येक गांव में करीब 3.50 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय निर्माण की योजना लागू की गई। जिसके लिए जनपद के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण विगत पूर्व मे किया गया है। किन्तु आज सरकार की यह योजना धरातल पर दम तोड़ती दिखाई दे रही है। ज़लिे के ग्राम पंचायतों में जहां सार्वजनिक शौचालय पर ▸▸| शेष पेज 13 पर



### अफसरों को जानकारी पर कार्रवाई नहीं

शौचालय से संबंधित सभी जानकारी पंचायत प्रशासन को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। जबकि निर्माण पश्चात बकायदा शौचालय को जनता को समर्पित कर देना था किंतु जनपद, ज़लिा से लेकर सभी जिम्मेदार अफसर इसकी जानकारी होने कर बावजूद एक्शन लेने में हिचक रहे हैं। फलस्वरूप आम लोगों के मानना है इस योजना में शासन के पैसे की सिर्फ बर्बादी हुई है और यह योजना धरातल पर फ्लॉप व फेल साबित हुई है।

### गुणवत्ता भी उठ रहे सवाल

जानकारी के मुताबिक शासन-प्रशासन द्वारा इस योजना के निर्माण में कड़ाई के अभाव में ठेकेदारों द्वारा निर्माण के दरम्यान काफी मनमानी व लापरवाही बरता गया है। जिसके कारण इस योजना से निर्मित अधिकांश सार्वजनिक शौचालय में गुणवत्ता सुविधा एवं उपयोगिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वही निर्माण पश्चात ज्यादातर शौचालय का तो उद्घाटन हुआ है, ना ही जनता को सौंपा गया है। जिससे सालों से ताला लगे होने से योजना से आमजन अभिनज्ञ है जबकि कई गांवों में ताला तोड़कर असामजिक लोगों द्वारा बिजली सामान, सोलर सामान, टंकी,दरवाजे खिड़की सहित अन्य सामानों को चोरी कर लिया गया है। जिससे शौचालय महज शो पीस बनकर खड़ा हुआ है।

# दो सड़क हादसों में एक की मौत और एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला के देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र में बीते दो दिनों के अंतराल पर लगातार दो सड़क हादसों की जानकारी सामने आ रही है। जिसमे नगर देवकर से साजा की ओर मार्ग पर दिन शनिवार की रात 08 बजे हुई घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दूसरा व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल होने के कारण रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि पहली घटना दो मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार से भिड़न्त के कारण हुई। वही दूसरी घटना नगर देवकर से महज एक किलोमीटर दूर ग्राम राखी के समीप दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर घटित हुई। जिसमे अज्ञात वाहन पर ठोकर से सड़क किनारे बेहोश पड़े अधेड़ व्यक्ति की हालत नाजुक बताया जा रहा है।

दोनों मामलों में देवकर चुकी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव अभियान के तहत घायलों को उचित एवं त्वरित उपचार के लिए रवाना किया। वही दोनों ही घटना पर चौकी पुलिस द्वारा पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस चौकी देवकर से मिली जानकारी के ▸▸| शेष पेज 13 पर




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।



खबर संक्षेप

## महापात्रा होंगे बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नए डायरेक्टर इंचार्ज बोकारो स्टील प्लांट के ईडी (वर्क्स) चित्ता रंजन महापात्रा होंगे। उनके नाम का चयन आज शनिवार को सेल मुख्यालय में सलेक्शन कमेटी ने किया है। आगे स्टील मिनिस्ट्री की औपचारिक मुहर लगना बाकी है। श्री महापात्रा 30 अप्रेल को रिटायर हो रहे बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता की जगह लेंगे। आज सेल कार्पोरेट आफिस दिल्ली में हुए इंटरव्यू सलेक्शन कमेटी ने उनके नामक का चयन किया। श्री महापात्रा का नाम अब सेल बोर्ड, इस्पात मंत्रालय फिर पीएमओ की औपचारिक मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पखवाड़ेभर के अंदर बीएसपी को नया डायरेक्टर इंचार्ज मिलने की संभावना है। डीआईसी के लिए नौ लोगों ने इंटरव्यू दिया।

## दो सफाई कर्मचारी निलंबित

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में ऐसे सफाई कर्मचारी जो ऑफिस में काम नहीं कर रहे थे। उन कर्मचारियों को उद्यान में पानी डालने की ड्यूटी लगाई गई थी। केवल पाइप लाइन से उद्यान में पौधों को पानी डालना था। फिर भी उनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा था। लगातार अनुपस्थित रहते थे। अधिकारियों के साथ व्यवहार भी अच्छा नहीं था। मनमानी कर रहे थे। इसके पूर्व में उन्हें नोटिस दिया गया था। फिर भी उनके कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जब उद्यानों का निरीक्षण करने गए तो बहुत से पेड़ सुख पाए। वहां पर लोगों से जानकारी प्राप्त की गई तो स्थानी निवासियों ने बताया पाइप रखकर चले गए हैं। कर्मचारी नहीं आते हैं, पानी नहीं डाल रहे हैं। चेतावनी के तौर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। दो सफाई महिला कर्मचारी वृंदाबाई व ललिता बाई को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनके कार्यालय जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर किया गया है।

## उप नेता प्रतिपक्ष मिले नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने राज्य शासन की अनुशंसा पर नियुक्ति किए गए मंडलों अध्यक्षों से मुलाकात की। दया सिंह उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, अध्यक्ष निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया सहित अन्य से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, राजनीतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## स्टेशन रोड में खोला गया प्याऊ घर, महापौर ने किया उद्घाटन



**दुर्ग।** आमदी नगर वार्ड 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के सामने सनशाइन स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर खोला गया। स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार ने इसका उद्घाटन किया। इस अवससर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर, स्कूल के डायरेक्टर दर्शन भागवानी, प्राचार्या नम्रता नागर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। बाघमार ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। उन्होंने कहा कि यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी मरीजों के घातक, शिकायत पर कार्रवाई नहीं


# दूसरों की डिग्री पर अस्पतालों का संचालन और प्रैक्टिस, क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। कार्रवाई के अभाव झोलाछाप डॉक्टर अमरबेल की तरह शहर की तंग गलियों व ग्रामीण क्षेत्रों में फैलते जा रहे हैं। जो अवैध रूप से लोगो का इलाज कर रहे हैं। खासकर गरीब वर्ग के लोग इन झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंसते हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने वर्ष 2012 में हाइकोर्ट ने, गाइड लाइन बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से नर्सिंग होम एक्ट बनाकर, झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन यह कार्रवाई महज खानापूर्ति बनकर रह गई। करीब चार साल पहले शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक माह तक झोला छाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई थी। जिसमे जिले में दो दर्जन संस्थानों को सील करने समेत अन्य कार्रवाई की गई थी। लेकिन कार्रवाई थमने के बाद व्यवस्थाएं पुराने ढर्रे पर लौट आई।

**खास बातें**

- जिले में 1200 से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों की पहचान फिर भी कार्रवाई नहीं
- कमीशनखोरी का खेल, झोलाछाप डॉक्टरों की प्राइवेट अस्पतालों से सांठगांठ




### कमीशनखोरी के फेर में प्राइवेट अस्पतालों से सांठगांठ

गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय में संचालित कई प्राइवेट अस्पताल संचालको की झोलाछाप डॉक्टरों से सांठगांठ है, जो ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को बेहतर इलाज के नाम पर इन प्राइवेट अस्पतालों में स्वयं लेकर जाते हैं। यह सारा खेल कमीशन खोरी का है।जिस पर रोक लगाने में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग नाकाम रहा है। मल्टी स्पेशलिटी सुविधा के नाम पर मरीजों को बेमेतरा प्राइवेट अस्पताल लाया जाता है लेकिन यहां 24 घंटे डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं रहते। ऐसी स्थिति में सुविधाओं का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

### दूसरे डॉक्टर की डिग्री पर प्रैक्टिस

उल्लेखनीय है कि करीब चार साल पूर्व स्वास्थ्य विभाग की ओर से झोलाछाप डॉक्टरों का सर्वे कराया गया था। जिसमे बेमेतरा, नवागढ़, बेरला व साजा ब्लॉक में 1200 से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हांकित किया गया था। इन सभी डॉक्टरों को नोटिस जारी कर, चिकित्सा पेशे से जुड़े वैध दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन चिन्हांकित झोलाछाप डॉक्टर दस्तावेज पेश करने में नाकाम रहे। सम्बंधित लोगो को गांव में प्रैक्टिस नही करने की हिदायत दी गई थी। बावजूद कार्रवाई के अभाव में झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध रूप से प्रेक्टिस जारी है।

### बिना वैध डिग्री के इलाज कर रहे

ज्ञात हो कि पिछली बार हुई कार्रवाई में दो दर्जन स्वास्थ्य संस्थानों को सील किया गया था। लेकिन चमत्कारिक रूप से सम्बंधित संस्थान फिर से खुलने के साथ, उन्ही झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा लोगो का इलाज किया जा रहा है। जिनके पास योग्यता के नाम पर कोई वैध डिग्री नही है। शहर के कई दवाखाना का संचालन झोलाछाप डॉक्टर द्वारा किसी दूसरे डॉक्टर की डिग्री पर किया जा रहा है। साइन बोर्ड में अंकित डॉक्टर को आज तक इलाज करते नही देखा गया है। यही हाल जिले के कई संस्थानों का है।

### लगातार शिकायत के बावजूद अधिकारी नहीं कर रहे कारवाई

झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए ब्लाक व जिला स्तर पर टीम गठित है। लगातार शिकायत के बावजूद संबंधित टीमों के द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। नतीजतन अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे लोगों के हौसले बुलंद हैं। गौरतलब हो कि छग राज्य उपचार्यगृह और रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010-2013 के तहत छ.ग. मेडिकल कॉउन्सिल आयुर्वेद तथा युनानी काउन्सिल एवं होम्योपैथी काउन्सिल मे पंजीकृत चिकित्सकों को चिकित्कीय कार्य हेतु अधिकृत किया गया है। लेकिन अपात्र व्यक्तियों द्वारा भी चिकित्सकीय कार्य किये जा रहे हैं।

## शराब पीकर गाली देने पर की हत्या, पड़ोसी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- कुम्हारी पुलिस व एसीसीयू की टीम ने पकड़ा

कुम्हारी हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी हरिश पाटिल ने खुलासा किया कि 17-18 की दरम्यानी रात एपेक्स अस्पताल कुम्हारी से खबर मिली कि भागवत मारकण्डे की मौत हो गई है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि भागवत के शरीर पर कई चोट के निशान भी है। पुलिस हत्या का अपराध कायम कर जांच करना शुरु किया। कुम्हारी पुलिस और एसीसीयू की टीम आरोपी की तलाश में जुटी रही। मृतक के निवास के आसपास चौक चौराहे में सीसीटीवी लगा हुआ है। जिसका फुटेज चेक करने पर रात 11.45 से 12.40 बजे के बीच एक युवक हाथ में चाकू लेकर दौड़ते दिखा। टीम ने उक्त फुटेज को दिखाकर ग्रामीणों से पूछताछ करना शुरु किया। युवक ने अपना नाम रामपुर चोरहा निवासी जयदीप साहू होना बताया है। युवक को हिरासत लिया गया। आरोपी मृतक के पड़ोस में रहता है। घटना की रात वह खाना खाकर मृतक के घर की ओर टहलने निकला था। तब मृतक उसे देख गाली गलौज करने लगा। घटना के समय मृतक शराब के नशे में गाली दे रहा था। आरोपी आक्रोशित में आकर घर में रखे चाकू लाकर भागवत पर अंधाधुंध वार कर दिया। घटना में मृतक के गला, पीठ में प्राण घातक हमला करना स्वीकार किया। कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीएल साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। इस दौरान क्राइम डीएसपी अजय सिंह मौजूद थे।

## अवैध निर्माण, चेतावनी देकर लौटी निगम की टीम



**भिलाई।** सुपेला क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत पर भिलाई निगम की टीम शनिवार को कार्रवाई के लिए पहुंची। मौके पर निर्माण कार्य को हटा लेने की चेतावनी निगम ने दी और लौट गई। भिलाई निगम के मुताबिक तोड़फोड़ की कार्रवाई रविवार को हो सकती है। बैकुंठधाम मंदिर के सामने वार्ड 32 कैंप दो भिलाई निवासी प्रवीण वासुदेव गावंडे ने भिलाई निगम आयुक्त को शिकायत की कि 31 जुलाई को भूंखड क्रमांक 42 क्षेत्रफल 38.50 वर्ग मीटर को शासन ने पट्टा प्रदान किया था। पिता वासुदेव व मां शांता बाई की मृत्यु के बाद दूसरी जगह चला गया। अपने रिश्तेदार के यहां भिलाई आया तो पता चला कि उनकी पट्टे की जगह पर कोई व्यक्ति मकान निर्माण कर रहा है। मेरे द्वारा पट्टा दिखाने पर काम बंद नहीं किया। कब्जा करने वाले व्यक्ति के पास कोई भू स्वामित्व का कोई दस्तावेज नहीं है। इसलिए इस जगह का अतिक्रमण तोड़कर उनकी जगह वापस दिलाई जाए।

## चिट्टा के साथ दो को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुखबिर की सूचना पर कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में दो युवक चिट्टा हेरोइन अपने पास रख बेच रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची और दो को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर चिट्टा (हेरोइन) बेचने वालों ने अपना नाम मोहकम वाला उर्फ अरैया वाला थाना मक्खु तहसील जिरा जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी गुरूदेव सिंग बीर्क और हाउसिंगबोर्ड एलआईजी 2 क्वाटर नंबर 331 बत्तीस एकड राजविंदर सिंग उर्फ लड्डु है। दोनों युवक पंजाब के रहने वाले है ,जहां से चिट्टा लाकर जिले में बेचते है। आरोपी गुरूदेव सिंग के पास से काले रंग के बैग के भीतर से प्लास्टिक पन्नी में चिट्टा 150 ग्राम जिसकी कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में मोहन नगर प्रभारी शिव प्रसाद चन्द्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## लीज नवीनीकरण के मुद्दे पर व्यापारी लामबंद



**भिलाई।** बीएसपी के लीज नवीनीकरण के मुद्दे पर व्यापारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। तीन दिन पहले व्यापारियों के साथ बैठक में सांसद विजय बघेल ने कहा था कि व्यापारी बीएसपी की तानाशाही से डरे नहीं, आंदोलन के लिए तैयार रहें। इसके बाद व्यापारियों ने बिगुल फूंक दिया है। शनिवार को सेक्टर-10 स्थित कॉफी हाउस में व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में 21 से 29 अप्रैल के मध्य अभियान चलाकर व्यापारियों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 21 अप्रैल से हर हर सेक्टर में व्यापारियों की एक बैठक ली जाएगी। इसके बाद यदि बीएसपी के अधिकारी दबाव की राजनीतिक करते हुए नोटिस जारी करते हैं, तो व्यापारी टाउनशिप के हर चौक-चौराहों पर काला झंडा लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे। व्यापारियों ने अनुबंध एवं राज्य शासन के नियमों को नजरअंदाज कर भेजे जा रहे पत्रों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के नेतृत्व और सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में आगे की लड़ाई लडने सहमति बनाई। अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा कि जब तक भिलाई इस्पात संयंत्र अनुबंध से अलग हटकर राशि भुगतान के जिन पत्रों को भेजा है, उन पत्रों को भिलाई इस्पात प्रबंधन निरस्त नहीं करता, तब तक हमारा आंदोलन सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में जारी रहेगा।

**हर सेक्टर में बैठक का निर्णय, जिम्मेदारी भी सौंपी:** हर सेक्टर में बैठक का निर्णय लिया गया, साथ ही जिम्मेदारी सौंपी गई। सेक्टर 1 ए, बी और सी मार्केट श्रीनिवास खेड़िया, प्रदीप बाकलीवाल, पीयूष जैन, आशीष अग्रवाल, योगेश गुप्ता, सेक्टर 2 ए और बी मार्केट के लिए कृष्णा कटारिया, सेक्टर 4 ए और बी मार्केट के लिए देवेंद्र जैन, सतीश बंछोर, करमजीत गगन, संदीप जयसवाल, सेक्टर 5 मार्केट के लिए अजय कनौजिया, अमर सोनकर, सुनील कामडे, पंकज पाल, सेक्टर 6 एबीसी मार्केट के लिए रामकृष्ण मुंदड़ा, ज्ञानचंद बाकलीवाल, गणेश ताम्रकार, सेक्टर 7 मार्केट के लिए ललित अग्रवाल, शेखर सांगेवार, मुकेश राजपूत, सेक्टर 8, 9 और अस्पताल सेक्टर के लिए सुरेश रत्तनानी, पीयूष जैन, प्रमोद खंडेलवाल और रमेश, सेक्टर 10 ए मार्केट, जोनल मार्केट एवं बी मार्केट के लिए राम कुमार गुप्ता, ज्ञानचंद जैन, सत्यम बेकरी सहित अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## रेलवे ने वेंडर और टिकट चेकिंग अभियान चलाया

**भिलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। रेलवे को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। इसे लेकर रेल प्रबंधक दयानंद ने स्वयं ट्रेनों स्टेशनों में अवैध वेंडर्स की जांच किया। जांच अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह, पांच वाणिज्य निरीक्षक, पांच वाणिज्य कार्यालय कर्मी, पांच टी टी ई मंडल द्वारा ट्रेनों व प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया। इसके अलावा टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया गया। अवैध वेंडिंग एवं टिकट चेकिंग जांच दल द्वारा दुर्ग के छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस साउथ बिहार एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस, इंटरसिटी एवं पैसेंजर ट्रेनों में औचक खानपान जांच की गई। इस दौरान 11 आनाधिकृत वेंडर पकडे गए। कार्रवाई कर उन्हें आरपीएफ को सौंपा गया। बिना टिकट के 33 मामले व अनियमित टिकट के 13 मामले पकड़े गए। नसे कुल 16 हजार 720 रुपए जुर्माना मिला।

## वेतन समय पर नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन



**भिलाई।** एनएसपीसीएल पुरैना भिलाई तीन में टीएमडी विभाग में सिंग इंजीनियरिंग वर्क्स के अधीन कार्यरत श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर श्रमिकों का कहना है कि सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स का ठेका विगत 28 जुलाई 2024 से 2 वर्षों के लिये वर्क्स को मिला है। ठेका में अभी 9 महीने काम करते हुए श्रमिकों को कभी भी समय पर वेतन नहीं मिलता है। इसके लिये श्रमिको को हर महीने वेतन का मांग करना पड़ता है। समय पर वेतन न मिलने के कारण श्रमिक वर्ग को हमेशा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के श्रमिकों ने वेतन को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने एनएसपीसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि समस्या का स्थायी निराकरण करे।

# ट्विनसिटी के युवाओं में स्टंट व रील बनाने का क्रेज बढ़ा, मौत के मुंह में समा रहे युवा

### सोशल मीडिया में छाने की होड़ में बेलगाम हो रहे हैं युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी में स्टंट और रील बनाने का लगातार क्रेज बढ़ने से कई युवा अपनी जान जोखिम में डालकर मौत को गले लगा रहें है। लेकिन लगातार हादसों का शिकार शहर के युवा ही अक्सर हो रहें है बावजूद इसके स्टंट और रील बनाना युवाओं में कम नहीं हो रहा है।

शुक्रवार की देर रात भी जो हादसा हुआ है कि जिसमें एक नौजवान और नाबालिग ने रील बनाते समय मौत के मुंह में चले गए। जाते-जाते सड़क पार कर रहे व्यक्ति भी घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए है। इन युवाओं की लापरवाही दिन प्रतिदिन शहर की व्यवस्था को पूरी तरह बेलगाम करते दिख रहें है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस भी जागरुकता अभियान के साथ ही साथ वाहन चालको को जागरुक करने का भी काम करती है। लेकिन नौजवान ट्रैफिक नियम को दर किनार कर हादसे का शिकार हो रहें है। छावनी थाना क्षेत्र के घटना के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि हि हर्ष मेश्राम बाइक चला रहा था। पीछे जय बंसोड़, आदित्य चौहान तीनों सवार थे। बाइक में एक हाथ से मोबाइल पकड़कर युवक रील बनाकर स्टंट कर रहे थे। लेकिन बाइक की रफ्तार अनियंत्रित होने से पावर हाउस के पास सड़क किनारे पिकअप खडे वाहन को पीछे से बाइक सवार ठोक दिया। हादसे में मौके पर हर्ष और जय की मौत हो गई। पिकअप में टकराने से हर्ष और जय का सिर फट गया। दोनों के सिर से इतना अधिक खून बह गया था। जिससे मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं आदित्य को कम चोट आई। घटना स्थल पर खून के निशान और चप्पल पड़ी हुई थी।

**जागरुता अभियान भी चल रहा है**

ट्रैफिक नियम कायदे को दर किनार कर चलने वाले चालको के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बाइक पर स्टंट करने वाले चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती रही है। जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

ऋचा मिश्रा, एएसपी ट्रैफिक

**केस 1**

### कार में दिखाया स्टंट

तेज रफ्तार कार दौड़ाकर उसमें स्टंट दिखाने का वीडियों युवक ने सोशल मीडिया में अपलोड किया था। कार सीजी 4 पीएक्स 1392 में सवार चार युवकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान युवकों के खिलाफ 10 हजार रुपए का चालानी कार्रवाई हुई थी।

**केस 2**

### बाइक से किया स्टंट

दो दिन पहले ही बाइक सवार युवक सड़क पर स्टंट करते हुए ट्रैफिक ने पकड़ लिया।उसके खिलाफ 2 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई हुई। युवक सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर बाइक से खतरनाक स्टंट करते उसका वीडियों वायरल हुआ था।

**केस 3**

### चालक का कटा चालान

चलती बाइक सीजी 07 सीआर 1638 के चालक सड़क पर स्टंट करते ट्रैफिक पुलिस ने उसे पकड़ा था। उसके खिलाफ पुलिस ने 6 हजार का चालान काटा था। युवक को समझाइश भी दी थी।

**केस 4**

### बाइक पर रोमांस

सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर दिनदहाड़े डिजाइनर बाइक के पेट्रोल टैंक के ऊपर अपनी गर्ल फ्रेंड को बिठाकर रोमांस करते चालक को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा। उसके खिलाफ 10 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई हुई थीं।

## प्रभा ठाकुर ने खेलो मास्टर्स में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता

**भिलाई।** कई बार अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में चैंपियन रह चुकी भिलाई की मास्टर एथलीट प्रभा ठाकुर हुसैन ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली में आयोजित चौथे खेलो मास्टर्स गेम्स में देशभर के 2500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 55 प्लस आयु वर्ग की श्रेणी में प्रभा ठाकुर हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, पैदल चाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 58 वर्ष की उम्र में प्रभा की यह सफलता न केवल अद्वितीय है, बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत भी बन गई है। प्रभा ठाकुर हुसैन न केवल एक तेज़ धाविका है, बल्कि एक साहसी स्काईडाइवर, अंतरराष्ट्रीय मैराथन रनर, बुलेट राइडर, एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड में चयनित एथलीट और बहुमुखी प्रतिभा की धनी खिलाड़ी भी हैं।

## राजपूत समाज का अधिवेशन प्रतिभावान का हुआ सम्मान

**भिलाई।** राजपूत छग रहटादाह का भिलाई में 61वां महाधिवेशन हुआ। इस मौके पर ध्वाजारोहण के बाद शौर्य पत्रिका 2025 का विमोचन किया गया। संयोजक शेर सिंह, सहसंयोजक चंद्रशेखर सिंह, प्रमोद सिंह एवं उप संयोजक राजेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, हीरा सिंह, संतोष चंदेल, चितरंजन सिंह, मनोज सिंह का स्वागत किया गया। महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन के बाद वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। इसके बाद निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद, शालिनी सिंह योजना आयोग अध्यक्ष, डोमन लाल राजपूत क्षत्रिय महासभा, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग, ललित चंद्राकर विधायक ग्रामीण, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल, जय सिंह सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. रमन सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 95% के साथ सफल होने वाले गौरव सिंह को प्रथम राजा मनमोहन सिंह सम्मान, राजनीति में सफल पार्षद पंचायत एवं पालिका अध्यक्ष गणों का सम्मान किया।

पेज 11 के शेष

### गांवों में दम तोड़ रहे ...

गोबर के कंडे बनाने का कार्य किया जा रहा है तो कही महज शो पीस बनाकर गाँव मे खड़ा कर दिया गया है। आलम यह है कि सार्वजनिक शौचालय की उपयोगिता गांवों में न के बराबर है एवं ताला लगे होने से लोग सरकारी सुविधा से अनजान है। वही कही कही देखरेख के अभाव में यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जहां असमाजिक लोग जमावड़े में एकत्रित होकर शौचालय पर तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे है। स्थानीय पंचायत से लेकर जनपद व जिला पंचायत तक के अफसरों को इस गम्भीर मसले का सामाधान कर उचित व्यवस्था करने में पीछे नज़र आ रहे हैं। लिहाजा प्रशासन की यह यह महत्वाकांक्षी योजना ज़लि में फ्लॉप नज़र आ रही है।

### दो सड़क हादसों में ..

मुताबिक पहली सड़क हादसा देवकर से अकलवारा की ओर मार्ग पर हुई। जिसमें दो बाइको की आपस मे भयंकर तेज गति से टक्कर हुई।जिसमे स्थानीय साहिल मिर्झा(18 वर्ष) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरे वाहन में मौजूद मोहगांव निवासी प्रियांशु व्यास(25 वर्ष) को गम्भीर स्थिति में धमधा के सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। वही वाहन के टक्कर से परखच्चे उड़ गए। यह घटना शनिवार की रात 08 बजे हुई। जिसकी सुचना पर घटनास्थल पर पुलिस द्वारा मृतक के शव का मर्ग कायम करते हुए पंचनामा बनाकर बॉडी के पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौप दिया है। जबकि मामले में पुलिस ने जांच-तफ्तीश शुरू कर दी है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## रेडियो का निशुल्क वितरण

**साल्हेवारा।** भारत तिब्बत पुलिस बल ने कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल बकरकट्टा के जवानों ने नवागांव, खामी, समुंदपानी, बंजारी, निजामडीह, बसंतपुर एवं सरोधी में ग्रामीणों को रेडियो प्रदान किया। बच्चों को मिठाई दिया गया। बल के जवानों ने के प्रधान से समस्याओं के बारे में पूछताछ किया। इस मौके पर ज्योति प्रकाश, श्रीनिवास, मिथलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध ईंट भट्टों का संचालन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली, अंडी, बरनारा, मेढा, रेंगाकठेरा, मुडपार, कलकसा, संडीडीह, लतमर्रा आदि में लाल ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा है। इन भट्टों में चोरी की बिजली का उपयोग करने के अलावा आसपास हरे वृक्षो की कटाई कर खपाया जा रहा है। यहां छोटे बच्चों से काम करवाया जा रहा है। प्रतिबंधित लाल ईट बनाने का कारोबार को रोकने में सरकारी अमला नाकाम नजर आ रहा है। इस मामले की शिकायत होने के बाद भी अधिकारी अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड की लगभग 40 पंचायतों में लाल ईंट बनाकर बेचा जा रहा है।

## पुराने ढर्रे पर चल रहा कामकाज

**डोंगरगढ़।** पालिका में सत्ता बदलने के बाद भी कामकाज पुराने ढर्रे पर चल रहा है। पार्षद निधि एवं अन्य विकास कार्यों के लिए शासन से मिलने वाली राशि में से कमीशनखोरी एवं सामग्री खरीदी में फर्जीवाडा शुरू हो गया है। पूर्ववर्ती कार्यकाल में पार्षदों ने कागजों में खरीदी और निर्माण करवाकर राशि का आहरण कर लिया था। सत्ता बदलने के बाद कामकाज में सुधार आने की उम्मीद की जा रही थी किन्तु कमीशन का खेल शुरू हो गया है। सफाई व्यवस्था चरमराने एवं जल संकट गहराने के बाद जनप्रतिनिधि पार्षद निधि का उपयोग करने के बजाए बंदरबाट करने मे लगे हैं। शहर में जल संकट गहराने के बाद भी इस समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित पहल नहीं किया जा रहा है।

## सुजल ने बढ़ाया शहर का मान

**डोंगरगढ़।** केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा दसवीं के छात्र सुजल वर्मा पिता बालाराम वर्मा का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लिए हुआ है। कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम ने उसके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुजल का चयन होना डोंगरगढ़ के लिए गौरव की बात है। इस सफलता के लिए श्रीमती मेश्राम ने बधाई दिया है।

## जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** प्रज्ञा बौद्ध समिति ने अंबेडकर जयंती के मौके पर एक दिन भीम के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम और आर्केस्ट्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नागसेन बौद्ध विहार के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, वामन कोटले शामिल हुए। इस दौरान विनायक मेश्राम, सिकंदर मेश्राम, राजू गजभिये, कालू गजभिये सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# 133 से अधिक किराएदार व घुमंतू मुसाफिरों के आधार कार्डों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित करने पुलिस ने आधार कार्ड चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। जिलेभर में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शनिवार को 133 से अधिक घुमंतू, डेरावासियों, किरायेदारों और अन्य मुसाफिरों की पहचान सत्यापन की गई। समाधान ऐप के जरिए मकान मालिक और होटल व लॉज संचालकों से अपने किरायेदारों व ठहरे हुए लोगों का डेटा अपलोड करवाया जा रहा है। वहीं सशक्त ऐप के माध्यम से डेरों में मौजूद वाहनों की चेकिंग की गई।

### पुलिस ने शुरू की सख्ती

#### स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी गई समझाइश

पुलिस ने वार्ड पार्षदों, ग्राम सरपंचों और कोटवारों को हिदायत दी है कि अपने क्षेत्र में किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराए पर रखने से पहले उसकी सूचना थाने में अवश्य दें। संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।




#### अभियान जारी रहेगा: एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि सुरक्षा के इस अभियान में पुलिस का साथ दें।

#### सोलर प्लांट में काम कर रहे 16 श्रमिकों की जांच

थाना परपोडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गातापार में स्थित सोलर पावर प्लांट में कार्यरत पश्चिम बंगाल के 16 श्रमिकों की भी आधार कार्ड चेकिंग की गई। सभी का विवरण सही पाया गया।

#### थाना-चौकीवार जांच का ब्यौरा

थाना बेमेतरा से 12, नवागढ़ से 05, साजा से 15, परपोडी से 18, चंदनू से 05, चौकी देवकर से 25, मारो से 08, कंडरका से 38 और संबलपुर से 07 लोगों की जांच की गई।

## परीक्षा : प्रदेश में सबसे ज्यादा 12 शिक्षक-शिक्षिकाएं जिले से चयनित

# राज्य स्तर दक्षता आंकलन में बेमेतरा जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य स्तर पर आयोजित एफएलएन सह नवाजतन टीम द्वारा विभिन्न मापदंडों को चुनौती के रूप में बेमेतरा जिले से 81 शिक्षकों ने पंजीयन किया था। फरवरी माह में जिनका आकलन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आंकलन डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं चारों विकासखंड के बीआरसी खोमलाल साहू, राजेन्द्र साहू, जगजीवन साहू, बीडी बघेल एवं राज्य स्तर के कोर मेबर पवन कुमार देवांगन, केवरा सेन एवं विकासखंड से डीआरजी, सीएसी, बीआरजी के सहयोग से प्रथम चरण में 66 विद्यालय व शिक्षक का आंकलन हुआ। द्वितीय चरण के लिए 23 विद्यालय व शिक्षक का वारियर्स शिक्षक के रुप में पुनः आकलन हुआ। जिसमें राज्य स्तर पर उनके कार्यों एवं 100 % उपस्थिति एवं कक्षा स्तर की दक्षता का आंकलन करते हुए 12 शिक्षकों का चयन हुआ। ये वो शिक्षक है जिन्होंने सभी मापदंडों को पूरा करते हुए सफलता को प्राप्त हुये। ये अपने बच्चों में 100% उपस्थिति के साथ साथ पठन लेखन, समझ के साथ पढ़ना तथा गणितीय कौशल में निपुणता बनाने में कठिन परिश्रम किये है। जिनके कारण आज इस सफलता के मंजिल पर पहुँच पाये है। बेमेतरा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। पूरे राज्य में बेमेतरा जिले के ही सर्वाधिक 12 शिक्षक शिक्षिकाओं का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए हुआ है। जमीनी स्तर पर जुड़कर बच्चों के लिए कार्य करना निश्चित रूप से भविष्य में यह एक अनोखी पहल है। जिसमें बच्चों की दक्षता के साथ साथ शिक्षकों की मेहनत भी दिखती है। बच्चों में गुणवत्ता विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है।

ये वो विद्यालय है जो आगामी 26 अप्रैल को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में सम्मानित होगे। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी है I इस प्रकार आकलन से बच्चों की स्तर के अनुसार उनकी दक्षता को परखना गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को अग्रसर करना। बहुमुखी प्रतिभा के धनी इन 12 शिक्षक शिक्षिकाओं के चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, जिले की सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की है।

- एफएलएन के तहत शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए एससीईआरटी द्वारा ली गई आकलन परीक्षा

### आगामी 26 अप्रैल को सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संचालक सम्मानित करेंगी



### इनका होगा सम्मान

12 शिक्षक शिक्षिकाओं को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर की संचालक सम्मानित करेंगी। उनमें बेरला विकासखण्ड से सागरिका यादव हरदी, ललित कुमार टिकरिहा, खुड़मुड़ी, चंद्रानी देवांगन परपोड़ा, भारती निषाद परपोड़ा, बेमेतरा विकासखण्ड से ऑचल वर्मा कंतेली, आशा चंदेल बालसमुंद, पुरूषोत्तम कुमार सोनवानी जिया, जय कुमार मालाकार चिल्फी, साजा विकासखण्ड से ममता गायकवाड अकलवारा, गिरिजा पटेल कन्या देवकर, प्रताप वर्मा समुन्दवारा, नवागढ़ विकासखण्ड से यामिनी बर्मन घठोली शामिल रहीं।

# नगर को निशुल्क एंबुलेंस एवं फ्री वाई-फाई की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

कुछ माह पूर्व नगर निकाय चुनाव संपन्न हुआ है जिसमें देवकर नगर पंचायत चुनाव में निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी के तौर पर सुरेश सिहोरे ने शहरी चुनाव में किस्मत आजमाई थी। जनता ने भी अपना भरपूर मत देकर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी । नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनावी समर में राष्ट्रीय पार्टी सत्तारूढ़ भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव के वक्त सुरेश सिहोरे ने 10 बिंदुओं पर अपना घोषणा पत्र जारी किया था। जिसमें प्रमुख रूप से निशुल्क एंबुलेंस सेवा एवं छात्र-छात्राओं के लिए फ्री वाई-फाई की सुविधा देना। शपथ ग्रहण के एक माह के भीतर सुरेश सिहोरे ने अपने खर्चे से नगरवासियों के लिए स्वर्गीय माता- पिता की स्मृति में एंबुलेंस की यह सुविधा मुहैय्या करवाया ओर चुनावी वादे को अमलीजामा पहनाया । नगर पंचायत

- नपं अध्यक्ष सीहोरे ने घोषणा पत्र पर किया अमल




अध्यक्ष सुरेश सिहोरे का कहना है कि मेरे द्वारा जारी की गई घोषणा पत्र की यह जीत है। स्वर्गीय माता पिता स्मृति में चौबीसों घण्टे सातों दिन रोगी वाहन के तौर पर एंबुलेंस देवकर वासियों के लिए उपलब्ध रहेगी ताकि समीपस्थ अस्पताल मरीज पहुंच सके। जिससे मरीज की अमूल्य जान बच सके। वही आज के इस दौर में मोबाइल के महत्व को ध्यान में रखकर देवकर बस स्टैंड में फ्री वाई फाई की सुविधा प्रदान की गई है ताकि निर्बाध गति से मोबाइल का संचयन हो सके। महज 2 माह के अल्प समय में मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में घोषणा पत्र में उल्लेखित महत्वपूर्ण बिंदु को लागू किया गया है। वादे के अनुरूप जिसमे नलकर, समेकित कर को मेरे द्वारा भुगतान किया जाएगा ताकि जनता के भरोसे पर खरा उतर सकूं।

# पीएमश्री सेजस मारो के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मारो

पीएमसेजेस मारो के छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया इस दौरान बच्चों के शैक्षणिक तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नई दिशा देने हेतु छात्रों को रायपुर के गुरु घासीदास संग्रहालय, ऊर्जा पार्क, साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया ताकि छात्रों में प्राचीन तथा नवीन ज्ञान का समावेश किया जा सके। विद्यालय में शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष नरेंद्र साहू, नगरपंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे हरि झंडी दिखाते छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किए । इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सरिता गुप्ता द्वारा छात्रों को इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा शुभकामनाएं दी गई एवं इस आयोजन के उद्देश्य से परिचित कराया गया समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

सभी छात्रों में इस गतिविधि हेतु बहुत उत्साह देखने को मिला सभी छात्रों ने उत्साह पूर्वक इन पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया तथा तथा उनसे जो जानकारी उन्हें मिली उसके लिए छात्रों द्वारा विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया गया ।




# परपोड़ी बस स्टैंड में पार्किंग व पेयजल की गंभीर समस्या

**परपोड़ी।** नगर के बस स्टैंड में दिनभर बसों की आवाजाही लगी रहती है। छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के कई जिलों में यहां से बसे चलती है। जिसमे रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, बालाघाट, जिलों से दिनभर बस का आना जाना लगा रहता है। बस स्टैंड में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का ठहरना लगा रहता है। फिलहाल जोरदार गर्मी पड़ रही है । ऐसे दिनों में यात्रियों के लिए बस स्टैंड में पेयजल की सुविधा नहीं है। जिससे बस यात्रियों को प्यासा रहना पड़ता है। पूर्व में पेयजल के लिए फ्रीजर की व्यवस्था थी।




# योग एवं जीवन प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में स्वामी गोरखनाथ द्वारा (जिला मुंगेर बिहार से) मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल थे।

शाला के सचिव गगन लड्डा द्वारा स्वामीजी का सारगर्भित परिचय दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वामीजी लंबे समय से सत्यानंद योग आश्रम से जुड़े हैं। जिला मुंगेर बिहार से 75 वर्ष की आयु में भी वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं। संयमित जीवनशैली एवं योग के प्रचार-प्रसार के लिए सभी को प्रेरित करते हैं। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार स्वामी जी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते जीवन कैसे जीएं? क्या हमारा आचार-व्यवहार हो, स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के कौन-कौन से मापदंड हैं? विद्यार्थियों के क्या दायित्व हैं? मानवता का गुण क्यों आवश्यक है, हम अपनी संस्कृति से कैसे जुड़े रहे, आदि अनेक महत्वपूर्ण जानकारी उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए मन का एकाग्र होना भी अति आवश्यक है, जो योग ध्यान से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही क्रोध पर नियंत्रण से हमारी ऊर्जा अच्छे कार्यों में खर्च होती है। हम लड़ाई झगड़ों से बच सकते हैं।

# मठ-मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, सनातन संस्कृति की जीवनधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ स्थित राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ,थान खम्हारिया के जमात मंदिर के महंत बसंत दास अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने मठों और मंदिरों को केवल पूजा-पाठ के स्थान न मानें, बल्कि उन्हें ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की प्रेरणा का केंद्र बनाएं। सनातन स्तंभ अभियान केवल संरचना का नहीं, बल्कि संस्कृति, चेतना और चरित्र निर्माण का आंदोलन है।

महंत सुरेंद्र दास रामजानकी मंदिर नवागढ़ और जमात मंदिर थान ख़म्हारिया के महंत बसंत दास के नेतृत्व में 'सनातन स्तंभ अभियान' का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत जिले के प्राचीन, उपेक्षित व सामर्थ्यवान मठों-मंदिरों को नया जीवन, संरचना और सेवाभाव प्रदान किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य, मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण, विद्युत-प्रबंधन, जल प्रबंधन और पौधारोपण व आध्यात्मिक शिक्षा, गौ सेवा, संस्कार केंद्र और वेद-शास्त्र पाठशालाओं की पुनः स्थापना करने के साथ साथ ग्रामीण युवाओं को सेवा, स्वावलंबन और सनातन मूल्यों से जोड़ना और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना। डॉ निर्वाणी ने कहा यह समय सनातन पुनर्जागरण का है। मंदिरों के घंटे अब केवल पूजा के लिए नहीं, परिवर्तन के उद्घोष के लिए बजेंगे। मठ अब केवल संन्यास का स्थल नहीं, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का केन्द्र बनेंगे।"हमारे ग्रंथों में समय और आवश्यकता के अनुरूप शास्त्र और शस्त्र के माध्यम से समाज और धर्म की रक्षा का उल्लेख मिलता है,हम उन संकल्पों को दोहराने के लिए तत्पर है। डॉ. निर्वाणी ने आगे कहा कि आने वाले सप्ताहों में हर जिले में मठ-मंदिर संवाद, सेवा शिविर, वृक्षारोपण, यज्ञ, गायत्री जप, और सनातन जागरण रथ आरंभ किए जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मैं सभी धर्माचार्यों, युवाओं, सभी सामाजिक संगठनों और ग्रामवासियों से आवाहन करता हूँ , मठ-मंदिरों और धर्म स्थलों को फिर से जीवंत बनाएँ।

इन्हीं से समाज और राष्ट्र की आत्मा पुनः जागृत होगी।"नवागढ़ बेमेतरा और साजा विधानसभा के अंतर्गत बहुत से प्राचीन और आध्यात्मिक महत्व के धर्मस्थलों और उसमे निहित स्वामित्व की संपत्तियों को भू माफियों से मुक्त करा समाज के वंचित वर्ग के सेवा का संकल्प के तिथि के तौर पर इस धर्म स्तंभ अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा उक्त अभियान के संरक्षक निर्मोही अखाड़े के संत महंत नरेंद्र दास के मार्गदर्शन पर चलाया जाएगा।

### केवल पूजा-पाठ का स्थान ना मानें प्रेरणा का केंद्र बनाएं:डॉ. निर्वाणी





## सतनाम संगम पंथी दल ने किया आयोजन

# मोरिया रंग महोत्सव में हुए पूर्व विधायक छाबड़ा सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत बोरिया में सतनाम संगम पंथी दल समिति द्वाराआयोजित दो दिवसीय मोरिया रंग महोत्सव या मंडई मेला में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि रंग महोत्सव हमारे धार्मिक संस्था का एक प्रमुख केंद्र है तथा गांव में एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है साथी छत्तीसगढ़ के होनहार कलाकारों का सम्मान भी किया गया जिससे हमें सीख मिलती है कि अपने गांव में भाईचारा एकता , बनाए रखने के लिए रंग महोत्सव पर्व को त्योहार के रूप में मनाया जाता है रंग महोत्सव तथा मंडई मेला में हम अपनी संस्कृति को समृद्ध करते हैं तथा इससे न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि गांव में रौनकता भी आती है बाबा गुरु घासीदास की आराधना पूरे संसार में की जाती है और इसी की आराधना आज हमारे ग्राम में हो रही है जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है तथा आयोजन समिति को मैं इसके लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं इस कार्यक्रम में उपस्थित पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले रवि परगनिहा अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला उषा सोनवानी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग राम सींग गायकवाड सदस्य जनपद पंचायत बेरला अर्चना देश लहरे सदस्य जनपद पंचायत बेरला कुमार दास डेहरिया बिरेंद्र टंडन सरपंच ग्राम पंचायत बोरिया चेतन बघेल सूरज बघेल द्वारिका पाल सुधीर बंजारे हरि पाल संतोष चौबे गोरे टंडन जितेंद्र जोशी आनंद डेहरे मुक्तरण कोशरे चेतन दास बघेल सुखदेव टंडन राम सोहागिल टंडन सहित मंचस्थ पंथी मण्डली सहित भारी संख्या में ग्रामवाशी एवं कार्यकर्ता उपस्थित है।




online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
05 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)